

# बस ने मारी टक्कर बाइक सवार की मौत, डेढ़ किलो मीटर तक घसीटती ले गई बाइक

**खास बातें**

- नपा कर्मचारी के साथ हुआ हादसा, रायपुर स्कूल के पास बस ने मारी थी टक्कर
- मौके पर हुई मौत जिला अस्पताल में चल रहा पीएम





नवभारत न्यूज

विदिशा 21 जनवरी, बुधवार की अल सुबह मुर्खजी नगर रोड पर दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई. हादस इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार बस की टक्कर से कई फिट दूर जा गिरा गंभीर चोट आने पर घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं जिस बाइक पर युवक सवार था वह बस के पहियों में फंस गई जिसे बस घसीटने हुए करीब 1.5 किलोमीटर तक ले गई. बस में सवार मुसाफिरों ने बस चालक को रोका तब जाकर कहीं बस रूकी पुलिस बस चालक को गिरफ्तार कर बस को जब्त कर लिया गया.

मोहनगिरी निवासी खिलान सिंह वाल्मीकि नगर पालिका में दारोगा के पद पर कार्यरत है. जिनके रिश्तेदार मुर्खजी नगर स्थित एक प्रायवेट अस्पताल में भर्ती हैं जिनको देखने के लिए खिलान सिंह रात को अस्पताल में ही रूके थे.खिलान सिंह की डियूटी रामलीला में लगी थी वह सुबह करीब 4 बजे अस्पताल से डियूटी जाने के लिए रामलीला की तरफ अपनी बाइक से जा रहे थे इसी दौरान भोपाल की तरफ से अशोक नगर तरफ जा रही वीडियो कोच बस ने खिलान सिंह को टक्कर मार दी बस की टक्कर से खिलान सिहं कई फीट दूर जाकर गिरे जिससे उन्हें गंभीर चोटे आने पर मौके पर ही मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि की बाइक को टक्कर मारकर बस चालक बस को तेजी से भगाकर नदी की तरफ ले जाने लगा तो बस के नीचे बाइक फंस गई. इस दौरान बस में मौजूद सवारी ने ड्रायवर को बहुत रोकने की कोशिश की बस को रोक ले लेकिर ड्रायवर ने बस को नहीं रोका आखिर में बस को चिरोल वाली माता मंदिर के पास रोका जा सका. जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर ड्रायवर को गिरफ्तार कर लिया.

# अधिकारियों के तालमेल से मंडी व्यापारी मील पर कर रहे तौल

**खास बातें**

- इलेक्ट्रोनिक कांटे की तौल पर भी कटोत्री के नाम पर काटे 883
- प्रति किंवटल 300 ग्राम अधिक की लूट से किसान परेशान
- अपनी उपज को बेचने में ही खर्च हो गए 2 हजार से ज्यादा
- इंड्रस्टीज एरिया में एजेएस फर्म जहां पर तौली जाती है किसानों की उपज



नवभारत न्यूज

**विदिशा 21 जनवरी, ग्राम करारिया लश्करपुर निवासी शरीफ अहमद ने 20 जनवरी को अपनी फसल गेंहू 1544 मिर्जापुर स्थित कृषि उपज मंडी में नीलामी के लिए लगाई थी. जो मंडी की फर्म एजेएस ओवरसीज कंपनी द्वारा 2600 रुपए प्रति क्विटंल के दर से खरीदी गई. तौल के दौरान प्रति क्विंटल 300 ग्राम अधिक माल तौल की गई तथा हम्मालों द्वारा तौल किए जाने के नाम पर 400 रुपए भी लिए गए.जबकि उक्त फर्म पर इलेक्ट्रिोनिक ( धर्मकांटा )तौल कांटा है जिस पर उपज की तुलाई हुई है.**

कृषि उपज मंडी के बाहर मीलों पर किसानों के माल की तुलाई अवैध और मनमाने तरीके से जारी है.हम्माल और व्यापारी किसानों के अवैध तरीके से तुलाई करते हुए किसानों से वसूली का काम कर रहे हैं. व्यापारी के द्वारा किसान को दिए जाने वाले भुगतान पत्रक क्रमांक 285 में पूर्व में वजन 96 क्विंटल लिखा गया जिसे बाद में 300 ग्राम क्विंटल के नाम से काटते हुए 95 क्विंटल 71 किलो कर दिया गया जो विक्रय पत्रक में दर्ज है. वहीं मील पर इलेक्ट्रोनिक कांटे से तुलाई के बावजूद 883 रुपए भी कटौत्रा राशि काटी गई जो पूर्णता अवैध है. जहां शासन ने साफ शब्दों में निर्देश जारी किए हैं कि नई मंडी में नीलामी और जरुरत पड़ने पर पुरानी मंडी में तुलाई का काम किया जाए. लेकिन नियम और निर्देशों को ताक पर रख कर कुछ व्यापारी अपने मनमाने तरीके से अपने वेयर हाउस पर तौल कर रहे हैं और किसानों से जमकर पैसा वसूल रहे हैं. शरीफ अहमद ने बताया कि करीब तौल के दौरान 2 हजार 37 रुपए लिए गए है. फर्म द्वारा की जा रही मनमानी की शिकायत मंडी सचिव से कई जिस पर उन्होंने शिकायती आवेदन लेते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी जिसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा. वहीं इस पूरे मामले की शिकायत एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय व सीएम से भी की गई है.

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विदिशा विकासखण्ड में कृषि रथ का सफल संचालन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों के सर्वांगीण कल्याण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने तथा नवीन तकनीकों से किसानों को सीधे जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है.

इसी क्रम में विदिशा विकासखण्ड में कृषि रथ का आयोजन किया गया.कृषि रथ का संचालन ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर, सांकलखेड़ा कला एवं चितोरिया में किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में कृषि रथ के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायतों में पहुँचकर कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया गया.कृषक संगोष्ठियों में ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील किसानों की सक्रिय सहभागिता रही.इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गुलाब सिंह रघुवंशी, सरपंच प्रतिनिधि गणेश राम , कृषक मेहताब सिंह , शेखर साहू, जमुना प्रसाद पाल, नरेंद्र रघुवंशी सहित अनेक अन्य उन्नतशील कृषक उपस्थित रहे.कृषक संगोष्ठियों के दौरान किसानों को कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. कृषि रथ गतिविधियों के अंतर्गत किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, फसल अवशेष/नरवाई/पराली प्रबंधन तथा ई-विकास अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था की जानकारी दी गई.साथ ही खेतों में आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान पर भी किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया.कृषक संगोष्ठियों में उपस्थित किसानों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई तथा कृषि रथ के माध्यम से प्राप्त जानकारी को उपयोगी बताया.इस अवसर पर किसानों को नरवाई न जलाने की शपथ भी दिलाई गई.

# कांग्रेस ने एसआईआर के दुरुपयोग लेकर लगाये आरोप



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में विदिशा जिले का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से मिला.प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान में जिले में चल रही मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत दावा आपत्ति प्रक्रिया के दौरान फॉर्म 6, 7 एवं 8 के दुरुपयोग को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई.कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल में कलेक्टर से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज की इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के कुछ क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा इन फॉर्मों का नियमविरुद्ध उपयोग किए जाने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे मतदाता सूची की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है.इस प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी,पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमाल सिलाकारी,सिंधु विक्रम सिंह,गगनेंद्र रघुवंशी,श्रीमती रानी अहिरवार,सुरेंद्र रघुवंशी, मजाज मोहम्मद,रजनीशजैन, गोविन्द भार्गव, इरशाद खान, बी.डी. शर्मा ,प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे .उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा एडवोकेट ने दी.

# ब्लैक मनी को व्हाईट करने खोले फर्जी बैंक खाते, अभी तक 30 खातों की जानकारी आई सामने

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** ब्लैक मनी को व्हाईट करने व ऑन लाइन गेम के पैसों को ठिकाने लगाने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है. सायबर सेल की टीम के पास ऐसा ही मामला सामने आया है जिसकी जांच सिविल लाइन पुलिस कर रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले सागर ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसके खाते में पैसे आए है यह नहीं पता की किसने यह पैसे डाले हैं. जिस पर पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि एक युवक गरीबो को पैसों का लालच देकर और दोस्तों को धोखे में रखकर उनके कागजात लेकर बैंक में खाता खुलवा देता है. जिसके बाद खाता धारक के सभी कागजात अपने पास रख लेता है जिसमें एटीएम, पिन कोड, पासवर्ड समेत अन्य जानकारी लेकर ऑन लाइन गेम का का पैसा ऐसे खातों में डलवा दिए जाते हैं. जिसके बाद उन पैसों को गिरोह का सरगना निकाल लेता है इस तरह से टैक्स चोरी की जाती है और काले धन को सफेद धन में बदला जाता है. अभी तक ऐसे 30 लोग सामने आए हैं जिनके फर्जी तरीके से खाते खोले गए और उनमे पैसों का ट्रांजेक्शन हुआ है. जिसमें अभी तक लाखों रुपए का लेनदेन हो चुका है.पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि गिरोह का सरगना फरार है. जो ग्वालियर का बताया जा रहा है एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि मामले की जांच जो भी तथ्य सामने आते जाएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी.





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000 • **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9926101202 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Guna** KK BAJAJ **7303055855** • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ **8225023340/9826023340** **Shivpuri** KK Sales and Service **9425156633** • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 7771887337. • **Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436.